**Title:** Demanded a dialogue to solve the flood problem in some districts of Bihar with the Government of Nepal.

**श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर बिहार में प्रत्येक वर्ष बाढ़ का भयंकरतम तांडव होता है। इस वर्ष भी २३ जिलों में भयंकर बाढ़ आई। बागमती, अदवारा समूह, कमला-बालान और कोसी नदियों में नेपाल से हाई डैम बना कर और तकनीकी जल आयोग बना कर नेपाल-भारत के सहयोग से बाढ़ को रोका जा सकता है। पहले भारत सरकार ने इस मामले को गम्भीरता से टेक अप किया था लेकिन १९९५ से यह काम बंद है। इस बारे में नेपाल से वार्ता करके, इन नदियों को गहरा करके तथा नेपाल के मैदानी इलाकों में हाई डैम बना कर बाढ़ को रोका जा सकता है। मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि जल संसाधन मंत्रालय गम्भीरता से इसे टेक अप करे। सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, सहरसा और मधुबनी इत्यादि जिलों को बाढ़ के संकट से उबारने के लिए भारत नेपाल के साथ बातचीत करे। नेपाल में हाई डैम बना कर उत्तर बिहार को बाढ़ मुक्त किया जाए और किसान मजदूरों की रक्षा करने का काम किया जाए। मैं चाहूंगा कि सरकार इस मामले को गम्भीरता से ले।**

... (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय : आप शान्त बैठे थे तो आपको बोलने का मौका मिला। अगर अशान्ति पैदा करते तो बोलने का चांस नहीं मिलता।**